भारतीय भाषाओं को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने की गति काफी धीमी रही।

**सूफी साहिब के पवित्र मजार का राष्ट्रीय स्मारक के रूप में घोषित किया जाना**

3. **श्री मीर्जा ईर्शादबेग :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आदरणीय सूफी साहिब, जो अन्तिम मुगल सम्राट और महान स्वतन्त्रता सेनानी बहादुरशाह जफर के निकट संबंधी या उनकी संतान थे, के पवित्र मजार को जो गुजरात के बनासकांठा जिले में डिसा नगर में स्थित है, एक राष्ट्रीय स्मारक या एक संरक्षित ऐतिहासिक इमारत के रूप में घोषित करने का विचार रखती है;

(ख) क्या सरकार इस संबंध में कोई संशोधन करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभाग में राज्य मंत्री (श्री एल०पी०साही):** (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

**राज्यों में कालेजों को स्वशासी स्तर प्रदान किया जाना**

4. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1988 के अंत तक सरकार ने विभिन्न राज्यों में कितने कालेजों को स्वशासी स्तर देना मंजूर किया है;

(ख) प्रत्येक राज्य में, राज्यवार, ऐसे स्वशासी कालेजों की संख्या कितनी होगी; और

(ग) क्या यह सच है कि इस संबंध में अन्य राज्यों की अपेक्षा राजस्थान की हिस्सा सबसे कम है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) :**(क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विभिन्न राज्यों में अभी तक 82 कालेजों को स्वायत्त कालेजों के रूप में घोषित करना स्वीकार किया है इन कालेजों का राज्य-वार ब्यौरा इस प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| तमिलनाडू | 40 |
| आन्ध्र प्रदेश | 21 |
| मध्य प्रदेश | 16 |
| राजस्थान | 4 |
| गुजरात | 1 |

(ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति--1986 के कार्यान्वयन हेतु कार्रवाई योजना में देश के लगभग 500 कालेजों को स्वायत्त कालेजों के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। प्रत्येक राज्य में विकसित किये जाने वाले स्वायत्त कालेजों की संख्या को नहीं बताया गया है।

(ग) राजस्थान सरकार ने अभी तक केवल 4 कालेजों को चुना है। राज्य सरकार तथा सम्बन्धित विश्वविद्यालय, यदि वे चाहते हैं, तो स्वायत्त स्तर देने हेतु और अधिक कालेजों का चयन कर सकते हैं।

**एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस की संचालन कुशलता में सुधार लाने के संबंध में टाटा समिति का प्रतिवेदन**

5. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स की संचालन-कुशलता और उसकी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा-क्षमता में सुधार लाये जाने के लिए टाटा समिति द्वारा की गई सिफारिशों का ब्यौरा क्या है।

(ख) क्या सरकार उक्त समिति की सिफारिशों पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो क्या इस मामले में कोई निर्णय लिया गया है या लिये जाने की संभावना है?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल)** : (क) से (ग) परिवहन सेक्टर के लिए एक अच्छी एकीकृत दीर्घ-कालीन भावी योजना का विकास करने की दृष्टि से योजना आयोग ने परिवहन योजना के लिए एक संचालन समिति की स्थापना की थी। संचालन समिति को आधार-सामग्री उपलब्ध करने की दृष्टि से से श्री जे०आर०डी० टाटा की अध्यक्षता नागर विमानन पर एक योजना ग्रुप का गठन किया गया था। इस ग्रुप की सिफारिशों तथा एयर इंडिया और इंडियन एयर-लाइन्स की प्रचालन कुशलता एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा में सुधार करने संबंधी सिफारिशों पर योजना आयोग की संचालन समिति विचार कर रही है। परिवहन योजना से संबंधित संचालन समिति की रिपोर्ट मिलने तक सरकार द्वारा, नागर विमानन से संबद्ध ग्रुप जैसे विशेषज्ञ ग्रुपों की सिफारिशों पर कोई औपचारिक दृष्टिकोण नहीं अपनाया गया है।

**एयर इंडिया तथा इंडियन एयरलाइन्स के कर्मचारियों का तस्करी संबंधी गतिविधियों में अंतर्ग्रस्त होना**

6. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्षवार, एयर इंडिया तथा इंडियन एयर-लाइन्स के कितने कर्मचारी तस्करी संबंधी गतिविधियों में अन्तर्ग्रस्त पाये गये ;

(ख) इनमें से प्रत्येक कर्मचारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई; और

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए कि एयर इंडिया तथा इंडियन एयरलाइन्स के कर्मचारी ऐसी गतिविधियों में शामिल न हों, सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल)** : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तस्करी गतिविधियों में अन्तर्ग्रस्त पाए गए दोनों संगठनों के कर्मचारियों की संख्या इस प्रकार है :-

| वर्ष | 1985-86 | 1986-87 | 1987-88 | जोड़ |
|---|---|---|---|---|
| एयर इंडिया . . . | 11 | 6 | 8 | 25 |
| इंडियन एयरलाइन्स . . . | 5 | 3 | 3 | 11 |

(ख) एयर इंडिया के 25 कर्मचारियों में से 18 को निलंबित कर दिया गया है जिनके विरुद्ध विभागीय/अंतिम कार्रवाई चल रही है। एक कर्मचारी के मामले में विभागीय कार्रवाई चल रही है। तीन कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया गया है और तीन कर्मचारियों को सेवा से बरखास्त कर दिया गया है।

जहां तक इंडियन एयरलाइन्स का संबंध है 11 कर्मचारियों में से 3 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है जिनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई चल रही है। 7 कर्मचारियों के मामले पर विभागीय कार्रवाई चल रही है। एक कर्मचारी को सीमाशुल्क ने बरी कर दिया है।

(ग) समय-समय पर सतर्कता कार्य की पुनरीक्षा की जाती है। ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के भी अनुदेश जारी किए गए हैं जो तस्करी गतिविधियों में अंतर्ग्रस्त पाये जाते हैं।

**Restoration of Kakinada-Kotipalli rail line in the works programme**

7. SHRI YALLA SESI BHUSHANA RAO: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to refer to answer to Unstarred Question 1164